ना. 2

भारत सरकार

गृह मंत्रालय

(राजभाषा विभाग)

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 2519

दिनांक 16.8.2000 को उत्तर के लिए

## हिन्दी के साथ सौतेला व्यवहार

2519. श्री जनेश्वर मिश्र :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आजादी के पचास साल बाद भी राजभाषा हिन्दी को राजभाषा का वास्तविक दर्जा नहीं मिला है;

(ख) क्या यह भी सच हे कि केन्द्रीय सरकार की अधिकतर कार्रवाई/पत्राचार अब भी अंग्रेजी में ही किया जाता है; और

(ग) क्या यह भी सच है कि विभिन्न सरकारी/स्वायत्त संस्थानों में हिन्दी का काम देखने वाले अधिकारियों, संपादकों और अनुवादकों के साथ सौतेला व्यवहार किया जाता है ?

### उत्तर

गृह राज्य मंत्री ( आई0डी0 स्वामी )

(क)और (ख) : हिन्दी संघ की राजभाषा है । दिसंबर 1967 में संसद ने एक संकल्प पारित कर केन्द्र सरकार को प्रतिवर्ष एक 'वार्षिक कार्यक्रम' तैयार कर के कार्यान्वयन हेतु सभी मंत्रालयों आदि को भेजने और एक 'वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट' संसद के दोनों पटलों पर प्रस्तुत करने का निदेश दिया था । इसका पूरी तरह पालन किया जा रहा है । अन्तिम 'वार्षिक मूलयांकन रिपोर्ट' दिनांक 6.12.1999 और 8.12.1999 को क्रमशः लोकसभा और राज्य सभा के पटल पर रखी गई थी जिसकी प्रतियां संसद के पुस्तकालय में भी उपलब्ध हैं ।

(ग) हिन्दी कार्मिक अन्य कार्मिकों के समकक्ष हैं और उनके साथ कोई भेदभाव नहीं किया जा सकता है ।

**GOVERNMENT OF INDIA**
**(MINISTRY OF HOME AFFAIRS)**

**RAJYA SABHA**
**UNSTARRED QUESTION NO.2519**
**TO BE ANSWERED ON 16.08.2000**

## STEP-MOTHERLY TREATMENT TO HINDI

2519. SHRI JANESHWAR MISHRA:

Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that official language Hindi has not been given the status of official language even after fifty years of independence;

(b) whether it is also a fact that at present most of the work/correspondence of the Central Government are carried out in English; and

(c) whether it is also a fact that step-motherly treatment is meted out to the Officers, Editors and Translators looking after the work of Hindi in various Government/autonomous institutions?

**ANSWER**

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS
(I.D. SWAMI)

(a)&(b): Hindi is the Official Language of the Union. Parliament has passed a resolution in December, 1967 directing the Centre Government to prepare a "Annual Programme" every year and send it to all Ministries etc. for implementation and to place a "Annual Assessment Report" on the table of both the house of Parliament. This is being completely implemented. Last "Annual Assessment Report" has been laid on the table of Lok Sabha and Rajya Sabha on 6.12.1999 and 8.12.1999 respectively, copies of which are also available in Parliament Library.

(c): Employees connected with Hindi are equivalent to other employees and no discrimination can be done with them.

*****